Navbharat times

Date 24.05.2023

दिल्ली पुलिस में हवलदार ने क्लियर किया UPSC

रामभजन को 8वीं कोशिश में मिली कामयाबी, 667 रैंक हासिल की



रामभजन 2009 में बतौर सिपाही दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस में हवलदार रामभजन की यूपीएससी में 667 रैंक आई है। अभी वह साउथ-वेस्ट दिल्ली के साइबर थाने में तैनात हैं। उनका कहना है कि वह राजस्थान के बापी गांव के रहने वाले हैं। केवल उनके परिवार में ही नहीं बल्कि पूरे गांव में खुशी की लहर है। लेकिन वह इसी महीने 28 मई को होने वाले यूपीएससी के लिए अपना आखिरी 9वां अटेंप्ट भी जरूर करेंगे। क्योंकि, अभी जो उनकी रैंक आई है। उससे लगता है कि उन्हें आईएएस या आईपीएस नहीं मिलने वाला। हालांकि, वह इससे भी खुश हैं, लेकिन वह अपनी आखिरी कोशिश भी करना चाहते हैं।

34 साल के हवलदार रामभजन ने बताया कि वह 2009 में बतौर सिपाही दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे। 2012 में

- ड्यूटी के बाद जब भी समय मिलता था, वह पढ़ाई करते, हर दिन 6 से 7 घंटे पढ़ते थे
- अब उनके पास आखिरी 9वां अटेंप्ट बचा है, इसमें वे रैंक सुधारने की कोशिश करेंगे

उनकी शादी हुई। उनकी पत्नी का नाम अंजलि है और बच्चों में सुहानी और कृति हैं। परिवार गांव में ही रहता है। वह दिल्ली में अकेले ही रहते हैं। दिल्ली पुलिस में नौकरी करते-करते उनके मन में खयाल आया कि इस सेवा को और आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसके लिए यूपीएससी से बेहतर और कोई प्लैटफॉर्म नहीं हो सकता। उन्होंने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी। 2015 से अब तक उन्होंने लगातार आठ अटेंप्ट किए। अब उनके पास आखिरी 9वां अटेंप्ट बचा है। इसे भी वह और अच्छी रैंक लाने की कोशिश के लिए करेंगे। इसका पेपर अभी 28 मई को ही है।

पुलिस ड्यूटी करने के दौरान यूपीएससी की तैयारी कैसे की? इसके जवाब में उन्होंने बताया कि अपनी ड्यूटी के बाद जब भी उन्हें समय मिलता था। वह पढ़ाई करते थे। वह हर दिन 6 से 7 घंटे पढ़ते थे। तैयारी के लिए उन्होंने कंप्यूटर भी सीखा। 2015 में एक बार कोचिंग ली थी। इसके बाद फिर कभी कोचिंग नहीं ली। खुद से पढ़ाई करके ही इस बार यूपीएससी क्लियर किया। अभी तक वह पुलिस की नौकरी से भी खुश हैं और अब यूपीएससी में मिली 667 रैंक से भी खुश हैं। उन्होंने कहा कि आखिरी कोशिश में अगर उनकी रैंक और अच्छी हो जाए तो इसमें कोई बुराई नहीं है। इसलिए, वह अपना लास्ट अटेंप्ट जरूर देंगे। उन्होंने दिल्ली पुलिस डिपार्टमेंट का भी शुक्रिया अदा किया।

Navodaya Times

7 बार असफल रहने के बाद भी नहीं टूटा हेड कांस्टेबल का हौसला

दिल्ली पुलिस में बतौर हेड कांस्टेबल तैनात राम भजन ने यूपीएससी 2022 परीक्षा पास कर ली है। पुलिस की नौकरी करते हुए अपने 8वें प्रयास में उन्होंने 667 रैंक हासिल किया है। पर वह अपने इस रैंक से संतुष्ट नहीं हैं। उनके पास अभी एक अंतिम मौका है और इस अंतिम प्रयास में वह पूरा जोर लगा देंगे। राम भजन वर्तमान में दक्षिण पश्चिम दिल्ली के साइबर सेल थाने में तैनात हैं। उन्होंने साल 2009 में 12वीं करने के बाद बतौर कांस्टेबल दिल्ली पुलिस में शामिल हुए थे। अपनी नौकरी करते हुए उन्होंने ग्रेजुएशन और हिंदी साहित्य में एमए की डिग्री हासिल की। साथ ही नेट परीक्षा भी पास किया है। इसी साल पदोन्नति प्राप्त कर हेड कांस्टेबल बने हैं। 2012 में उनकी शादी हो गई थी, उनके दो बच्चे भी हैं।



परिवार और ड्यूटी करते हुए 6 से 7 घंटे करते थे पढ़ाई: राम भजन जो कि मूल रूप से राजस्थान के दौसा दिला के बीपी गांव के रहने वाले हैं। वह कहते हैं कि दिल्ली पुलिस की 8 घंटे की ड्यूटी व फिर परिवार की जिम्मेदारी को निभाते हुए वह प्रतिदिन कम से कम 6-7 घंटे परीक्षा की तैयारी में देते थे। इसे वे कभी भी किसी भी स्थिति में नहीं छोड़ते थे।

लगातार पिछले सात बार से राम भजन यूपीएससी की परीक्षा दे रहे हैं। कई बार अंतिम तक पहुंचे पर सफलता नहीं मिली। इसके बावजूद हार नहीं मानी, जिसका परिवार इस बार आया है। पर इस बार में आशा के अनुरूप रैंक हासिल नहीं हो पाया है। इस लिए वह बचे हुए अंतिम प्रयास की तैयारी में अभी से ही लग गए हैं।